
REET 2025
LEVEL-1 & 2
वंदन बैच
हिंदी
विराम चिह्न
Part -2
LIVE
27-01-2025 11:00 AM

⑧ - उद्धरण चिह्न / अवतरण चिह्न (" ") ⇒ जब किसी कथन को जैसे का तैसा व्यक्त करना हो उसे उद्धरण या अवतरण चिह्न कहते हैं।

उदा॰ महात्मा गांधी ने कहा, "सत्य ही ईश्वर है।"

यह पुस्तक 'आत्मनिर्भरता' के महत्त्व को समझाती है।

प्रसिद्ध कहावत है, "अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ता।"

मैं "पंचतंत्र की कहानियां" पढ़ रहा हूं।

⑨- विवरण चिह्न (:-) ⇒ जब किसी कथन को विस्तृत रूप से व्यक्त करना होता है तब विवरण चिह्न का प्रयोग किया जाता है।

उदा॰ निम्नलिखित में किसी एक पर 200 शब्दों में निबन्ध लिखिए :-

कोरोना काल में निम्न नियमों का पालन करें :-

⑩- कोष्ठक चिह्न [( )] { } ⇒ इसका प्रयोग विकल्प दिखाने या क्रम सूचक अंक या किसी शब्द के अर्थ को अधिक स्पष्ट करने के लिए प्रयोग किया जाता है।

उदा॰ (क), (ख) (i), (ii)

ललिता बहुत सुरीला (मधुर) गाती है।

⑪→ लाघव चिह्न (॰) ⇒ किसी बड़े शब्द को संक्षिप्त रूप में व्यक्त करने के लिए लाघव चिह्न का प्रयोग किया जाता है।

उदा॰ डॉक्टर – डॉ॰ एम॰ए॰ उ॰प्र॰

प्रोफेसर – प्रो॰ इंजी॰

⑫- हंसपद / त्रुटिबोधक चिह्न (^) ⇒ वाक्य लिखते समय जब कोई शब्द या अंश छूट जाता है। तब इस चिह्न को लगाकर शब्द लिख देते है।

उदा॰ वह लड़ाई में जाने से ^ हुआ है। (घायल)

उसने मुझसे ^ बात बताई। (अपनी)

⑬- समता मूलक / तुल्यता सूचक (=) ⇒ किसी शब्द का अर्थ लिखते समय समता मूलक चिह्न का प्रयोग करते है।

उदा॰ ह्रास = हानि          अनल = आग

विडौजा = इन्द्र          पुष्कर = तालाब / कमल

(14) - उपविराम / अपूर्ण विराम चिह्न (:) ⇒ जब किसी शब्द को अलग दर्शाना हो तब इस चिह्न का प्रयोग किया जाता है।

उदा: अमन रो रहा है।

प्रदूषण : एक अभिशाप

विज्ञान : वरदान / अभिशाप

(15) पुनरुक्ति सूचक चिह्न (") ⇒ इस चिह्न का प्रयोग ऊपर लिखे किसी वाक्य या वाक्य के किसी अंश को दोबारा लिखने के श्रम को बचाता है।

| उदा. | | | |
|---|---|---|---|
| कमला | - 4 पुत्र | सुखदेव | शहीद |
| " | - " " | भगत सिंह | " |

(16)- लोप / पदलोप चिह्न (......) ⇒ जब वाक्य या अनुच्छेद में कुछ अंश छोड़कर लिखना होता है तब लोप चिह्न का प्रयोग किया जाता है।

उदा० कर्ता कारक की विभक्ति ..... होती है।

मोहन दिल्ली से ..... लाया।

(17)- दीर्घ उच्चारण चिह्न (ऽ) ⇒ जब वाक्य में किसी शब्द विशेष के उच्चारण में अन्य शब्दों की अपेक्षा अधिक समय लगता है तब दीर्घ उच्चारण चिह्न का प्रयोग होता है।

आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ

उदा० राऽम, ओऽम

।ऽ।
महान

(18)- समाप्ति सूचक चिह्न (-o-) ⇒ समाप्ति सूचक चिह्न का प्रयोग बड़े लम्बे लेख, कहानी, अध्याय या पुस्तक के अन्त में किया जाता है।

रामायण की पुस्तक -o-

(19)- टीका / तारक सूचक चिह्न (*) ⇒ टिप्पणी देने के लिए या महत्त्वपूर्ण बात लिखने के लिए।

*सुभाष-चन्द्र बोस*

(20)- पाद बिन्दु (.) ⇒ अरबी-फारसी शब्दों में प्रयोग होता है।

वक़ील, ज़हीर, वफ़ा